प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- तीनों सेनाओं के प्रमुख जनरल अनिल चौहान पहुंचे रांची, राजभवन में विद्यार्थियों से करेंगे संवाद, कल से शुरू होगा तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो।
- सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकार को सख्त आदेश, सारंडा वन क्षेत्र को आठ अक्तूबर तक सेंक्चुरी करे घोषित, नहीं तो होगी अवमानना की कार्रवाई।
- प्रदेश भाजपा के सेवा पखवाड़े में भाग लेने रांची पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, कहा– प्रधानमंत्री ने जीएसटी दरों में कटौती कर देशवासियों को दी बड़ी सौगात।
- जेपीएससी ने शुरू की विश्वविद्यालयों में गैर शैक्षणिक पदों पर बहाली की प्रक्रिया, 23 पदों के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन।
- सीसीएल ने रांची में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया कार्यशाला सह संवाद कार्यक्रम, प्रशिक्षुओं ने कहा– युवाओं में रोजगार क्षमता बढ़ाने में कारगर है यह योजना।

****************

देश के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान आज रांची पहुंचे हैं। वे कल से रांची में आयोजित होने वाले डिफेंस एक्सपो ईस्ट टेक 2025 में शामिल होंगे। डिफेंस एक्सपो का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में होगा। इस आयोजन में देश की तीनों सेनाओं की ताकत और अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।

****************

सुप्रीम कोर्ट ने सारंडा वन क्षेत्र को आठ अक्तूबर तक सेंक्चुरी घोषित करने का आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि आठ अक्तूबर तक सारंडा को सेंक्चूरी नहीं घोषित नहीं होने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जायेगी।

****************

प्रदेश भाजपा के सेवा पखवाड़े में भाग लेने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह आज रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में सेवा के कई कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी दरों में कटौती कर देशवासियों को बड़ी सौगात दी है।

श्री सिंह आज नामकोम में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन और पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यशाला को भी संबोधित करेंगे।

****************

जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने खेती–किसानी के क्षेत्र में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है।

****************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने राज्य के विश्वविद्यालयों में गैर शैक्षणिक पदाधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुल 23 पदों पर नियुक्ति होगी, जिनमें रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी तथा उपनिदेशक–फिजिकल एजुकेशन के पद सम्मिलित हैं। इन पदों पर नियुक्ति के लिए आज से आठ अक्टूबर तक वन टाइम रजिस्ट्रेशन सिस्टम के तहत ऑनलाइन फॉर्म भरे जाएंगे।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

सीसीएल की ओर से आज रांची में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना–पीएमआईएस के प्रशिक्षुओं के लिए कार्यशाला सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के वैसे युवाओं को एक मंच प्रदान किया गया, जो देश की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप कर रहे हैं। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने इस योजना को लेकर अपने अनुभव साझा किये।

****************

गिरिडीह जिले में एसएचजी से जुड़ी महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने की पहल की जा रही है। इसके तहत उन्हें आजीविका ग्रामीण मिशन एक्सप्रेस योजना का भी लाभ मिलना शुरु हो गया है।

****************

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में शून्य दशमलव तीन प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 324 अंक बढ़कर इस महीने पहली बार 83 हज़ार के पार पहुंच गया, जबकि निफ्टी 84 अंक बढ़कर 25 हज़ार 414 पर पहुंच गया।

****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 2 हजार 4 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 42 हजार रुपये प्रति किलो है।

****************

राजधानी रांची में दुर्गोत्सव को लेकर नगर निगम द्वारा विशेष सफ़ाई अभियान के साथ पूजा समितियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इसे लेकर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने पदाधिकारियों के साथ विभिन्न पूजा पंडालो का निरीक्षण किया और पूजा समितियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

************